तापमान
अधिकतम 29.2 डिग्री
न्यूनतम 17.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 26 नवंबर 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

14 दारगांव में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए ...

14 कुम्हार समाज ने धूमधाम से मनाया कुराल पूजा महोत्सव


## खबर संक्षेप

### प्लेन व महुआ शराब जब्त एक आरोपी पर कार्रवाई

**महासमुंद।** मुनगासेर पड़ाव रोड किनारे पटेवा पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से देशी प्लेन व महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद मुनगासेर पड़ाव रोड किनारे ग्राम मुनगासेर के पास आरोपी भूपेंद्र उर्फ साहिल बंजारे पिता खेमू बंजारे (19 वर्ष) निवासी ग्राम पारागांव थाना आरंग जिला रायपुर के कब्जे से 60 पौवा सवा शेरा देशी मदिरा प्लेन शराब कीमत करीबन 4800 रुपए और 5 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित देशी महुआ शराब एवं दो अलग-अलग एक-एक लीटर वाली पानी बाटल में करीबन 01-01 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित देशी महुआ शराब कीमत करीबन 2100 कुल कीमत कीमत 6900 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### प्लांट कर्मचारी से लूटपाट अज्ञात के विरूद्ध जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** प्लांट कर्मचारी के साथ लूटपाट के मामले में तुमगांव थाने में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थी सुरेश कुमार शाह पिता शत्रुघन शाह (25 वर्ष) ग्राम चकाजी नरपलिया थाना मांझी जिला सारन (छपरा) बिहार ने बताया कि वह करणी कृपा प्लांट में मैकेनिकल फिटर का काम करता है। 23 नवंबर को वह सामान और सब्जी लेने के लिए तुमगांव मार्केट आया हुआ था, जहां से सामान खरीदकर वापस प्लांट जा रहा था कि रास्ते में अमन ढाबा के आगे लगभग 6.40 बजे शाम को तीन लड़के इग्नाईटर मोटर सायकल में आए और उसके साथ हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे और मोबाइल व 800 रुपए को लूट लिया। इसके बाद वे जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गये। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 309(6), 309(4), 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### चखना सेंटर में पानी पाउच को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** चखना सेंटर में पानी पाउच को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में तेंदूकोना थाने में आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थी महेश साहू निवासी ग्राम शिकारी-पाली ने बताया कि वह 24 नवंबर को करीब शाम 6 बजे शराब लेने के लिए अपने नौकर झड़ीराम साहू के साथ शराब भट्ठी तेंदूकोना गया था। शराब लेने के बाद चखना सेंटर में चखना एवं डिस्पोजल ले रहा था, इसी दौरान वहां काम करने वाले एक लड़के के द्वारा उसे पानी पाउच भी लिए हो कहा गया। इस पर उसने कहा कि पानी पाउच नहीं लिया हूं। यह कहने पर उक्त लड़का गाली गलौज करते हुए उग्र होकर मारपीट करने लगा। आरोपी लड़के का नाम थानेश्वर यादव उर्फ राहुल यादव होना बताया।

**मांग:** जल्द सुधार करने की मांग को लेकर किसान पहुंचे कलेक्टर जनदर्शन में

# गिरदावरी और भौतिक सत्यापन की त्रुटियों ने बढ़ाई किसानों की चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में धान खरीदी की शुरुआती खामियों और गिरदावरी की त्रुटियों ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। कलेक्टर जनदर्शन में कई किसानों ने गुहार लगाई है कि गिरदावरी में हुई गलतियों के कारण उनका रकबा कम दर्ज हुआ है, जिससे वे अपनी पूरी उपज समर्थन मूल्य पर नहीं बेच पा रहे हैं। कर्ज चुकाने के दबाव में किसान हैं, लेकिन भौतिक सत्यापन में हुई गलतियों और पोर्टल की खामियों से धान बेचने में मुश्किल आ रही है। किसानों ने तत्काल त्रुटि सुधार और सही रकबे के आधार पर खरीदी की मांग की है। महासमुंद विकास खंड के दूरस्थ वन व्यवस्थापन ग्राम रामसागरपारा (भावा) के किसानों को गंभीर



समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। रकबा कटौती और टोकन जारी न होने से परेशान किसानों ने अपनी समस्याओं को लेकर कलेक्टर जनदर्शन में गुहार लगाई है। रामसागरपारा (भावा) के ग्राम विकास समिति के सदस्य तेजराम यादव, अमरू, सरपंच आशाबाई, कृषक दुकालुराम, ललित कुमार, फिरतराम, रामसिंग ध्रुव एवं अन्य किसानों ने कलेक्टर को दिए गए आवेदन में बताया कि वर्तमान सत्र में धान बिक्री के लिए उनके गांव के किसानों का टोकन अब तक जारी नहीं किया गया है।

यह समस्या ऐसे समय में सामने आई है, जब धान खरीदी का कार्य जिले में गति पकड़ रहा है। किसानों की दूसरी प्रमुख चिंता उनके धान के रकबा में कटौती को लेकर है। कृषकों का कहना है कि अधिकांश किसानों के रकबे में कमी कर दी गई है और ऑनलाइन रिकॉर्ड में भी यह कटौती दिखाई जा रही है। किसानों ने जानकारी दी कि वे प्रतिवर्ष नियमित रूप से 103 से 104 क्विंटल धान की बिक्री करते आ रहे हैं। इस कटौती से उन्हें अपनी पूरी उपज बेचने में भारी नुकसान की आशंका है।

### गिरदावरी में त्रुटि से किसान परेशान, कर्ज चुकाना मुश्किल



ग्राम बम्हनी की महिला किसान सोनवती साहू ने जनदर्शन में शिकायत दर्ज कराई है कि उनकी सवा दो एकड़ जमीन के खसरा नंबर 27 रकबा 0.61 की गिरदावरी (फसल सर्वे) पटवारी ने नहीं की है। इस त्रुटि के कारण वह अपनी धान की फसल सोसायटी में नहीं बेच पा रही हैं, जबकि उन्होंने सोसायटी से खाद और नकद मिलाकर लगभग 40 हजार का कर्ज लिया है। धान की बिक्री रुकने से किसान के सामने कर्ज चुकाने का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कलेक्टर से पटवारी को तत्काल गिरदावरी सुधारने का आदेश देने की गुहार लगाई है।

### भौतिक सत्यापन, त्रुटि सुधार की मांग



झलप क्षेत्र ग्राम गोंड़पाली के किसान नीलकंठ पटेल ने कलेक्टर जनदर्शन में अपनी समस्या रखते हुए भौतिक सत्यापन में हुई त्रुटि को सुधारने की मांग की है। उनके खसरा नंबर 217/1 के कुल रकबा 0.29 हेक्टेयर में से, उन्होंने 0.25 हेक्टेयर में धान की फसल और शेष 0.04 हेक्टेयर में सब्जी की फसल लगाई है। सरकारी रिकॉर्ड के लिए किए गए भौतिक सत्यापन में, धान की फसल वाले 0.25 हेक्टेयर रकबे को हटा दिया गया है, जिससे वह सरकारी समर्थन मूल्य पर अपनी धान नहीं बेच पा रहे हैं। किसान ने कलेक्टर से इस त्रुटि को सुधारने की मांग की है। ताकि, उन्हें अपनी उपज बेचने में हो रही परेशानी से मुक्ति मिल सके।

# 14 को निकलेगी जिला स्तरीय सतनाम शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आगामी 14 दिसंबर को जिला सर्व

- पंथी नृत्य के अलावा नवयुवकों का होगा अखाड़ा प्रदर्शन

सतनामी समाज द्वारा संत शिरोमणि बाबा गुरुघासीदास बाबा की जयंती के पूर्व जिला स्तरीय सतनाम शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो नकुल ढीढी उद्यान के समाजिक भवन से शुरू होगी और शंकराचार्य भवन में समाप्त होगी। छत्तीसगढ़ सतनामी मुक्ति केंद्र के पदाधिकारियों ने सतनामी समाज के सभी संगठनों को शोभायात्रा में शामिल होने की अपील की है।

आज प्रेस क्लब भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में छत्तीसगढ़ सतनामी मुक्ति केंद्र के संरक्षक त्रिभुवन महिलांग, जिला अध्यक्ष सत्यानंद जेंड्रे, जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ सचिन गायकवाड़, महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती नीतूरानी बांधे, उपाध्यक्ष शकुंतला व्योहार, ब्लॉक अध्यक्ष मैना कोसरे, अरविंद प्रहरे, राहुल आवड़े, महेंद्र कोसरिया, शत्रुघन चेलक, राधेश्याम खुंटे व गुलाब साय ने बताया कि 22 नवंबर को एक बैठक आयोजित कर जिले के सामाजिक पदाधिकारी और समाजजनों द्वारा संत शिरोमणि बाबा गुरुघासीदास के संदेश 'मनखे मनखे एक समान' को राष्ट्र के कोने-कोने में जन-जन तक पहुंचाने व गुरु पर्व 18 दिसंबर बाबा गुरुघासीदास की जयंती को लेकर चर्चा हुई तथा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिला स्तरीय सतनाम शोभायात्रा जिला मुख्यालय महासमुंद में 14 दिसंबर रविवार को 11 बजे निकाली जाएगी। शोभायात्रा नकुल ढीढी उद्यान सामाजिक भवन से निकाली जाएगी, जो शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए शंकराचार्य भवन में समाप्त होगी। इस दौरान जिलेभर से करीब 10 हजार सामाजिकजन शामिल होंगे। शोभायात्रा में पंथी नृत्य के अलावा नवयुवकों द्वारा अखाड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। छग सतनामी मुक्ति केंद्र के संरक्षक त्रिभुवन महिलांग ने कहा कि गुरु घासीदास की जयंती एवं उनके संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने बाबा की जयंती हर्षोल्लास से मनाई जाएगी। जिलाध्यक्ष सत्यानंद जेंड्रे ने कहा कि बाबा की जयंती बगैर नाच गम्मत के शांतिपूर्ण भव्य रूप से मनाने की अपील की है।

एग्रीस्टेक पंजीयन की अंतिम तिथि खत्म

# धान बेचने के संकट में 11 हजार से ज्यादा किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में किसानों के लिए धान बेचना अब एक बड़ी चुनौती बन गया है। एग्रीस्टेक पंजीयन की अंतिम तिथि समाप्त होने और लगभग 11,326 किसानों के पंजीयन से वंचित रह जाने के कारण, उनकी साल भर की मेहनत यानी धान की उपज को समर्थन मूल्य पर बेचने पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। यह स्थिति तब बनी है जब सरकार ने किसानों को सुविधा देने के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 25 नवंबर तक किया। बावजूद इसके, 24 नवंबर की स्थिति में जिले में कुल 1,62,288 पंजीकृत किसानों में से अब तक केवल 1,48,000 किसानों का ही पंजीयन हो पाया है।




शेष किसान अनिश्चितता के दौर में हैं कि वे अपनी धान की उपज का क्या करेंगे।

पंजीयन से वंचित रहने वाले 11 हज़ार से अधिक किसानों की समस्या सिर्फ समय पर आवेदन न करने तक सीमित नहीं है। इसके पीछे कई प्रशासनिक और तकनीकी खामियां सामने आई हैं। भले ही तिथि बढ़ाई गई, लेकिन अंतिम समय में केंद्रों पर भीड़ और तकनीकी दिक्कतों के कारण बड़ी संख्या में किसान पंजीयन प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाए। कई किसानों के दस्तावेजों में मामूली त्रुटियां रही, जिन्हें समय रहते सुधारा नहीं जा सका, जिससे उनका आवेदन अटक गया।

### 2,855 किसानों का कैरी फारवर्ड निरस्त, संकट गहराया

पंजीयन में हुई इस चूक ने उन किसानों के संकट को और बढ़ा दिया है, जिनके कैरी फारवर्ड आवेदन निरस्त हुए हैं। जिले में 2,855 किसानों के कैरी फारवर्ड आवेदन निरस्त किए गए हैं। सर्वे के दौरान यह पाया गया कि कई किसानों ने अपनी जमीन पर धान की फसल नहीं ली हैं, लेकिन कैरी फारवर्ड के लिए आवेदन किया हैं। बड़ी संख्या में किसानों के दस्तावेज में मामूली त्रुटियां रही, जिसके कारण उनके आवेदन को निरस्त कर दिया गया।

### धान खरीदी का बड़ा लक्ष्य और किसानों की चिंता

इस वर्ष जिले में 12 लाख 45 हजार मीट्रिक टन धान खरीदी का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए 130 समितियों के माध्यम से 182 उपार्जन केंद्रों पर धान खरीदी की जा रही है। हालांकि, पंजीयन के इस संकट ने खरीदी की शुरुआत में ही किसानों की चिंता बढ़ा दी है। जिन किसानों का पंजीयन नहीं हो पाया है, या कैरी फारवर्ड निरस्त हो गया है, वे अब समर्थन मूल्य पर अपनी उपज नहीं बेच पाएंगे। उन्हें अपनी धान की उपज खुले बाजार में औने-पौने दामों पर बेचनी पड़ सकती है, जिससे उन्हें बड़ा आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा।

### कुरमाडीह में जमीन की बात पर मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम कुरमाडीह में जमीन संबंधी बात और पुरानी रंजिश को लेकर बुजुर्ग से मारपीट के मामले में सांकरा थाने में आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। पुलिस को रिटायर्ड सहायक उप निरीक्षक भगतराम भोई पिता भानू भोई (65 साल) कुरमाडीह थाना सांकरा ने बताया कि 25 नवंबर की दोपहर करीब 1.30 बजे अपने घर में था, तभी पारिवारिक रिश्तेदार शिकारी लाल भोई ने उसके घर जमीन संबंधी बात एवं पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 75. तारकेश्वर प्रजापति पिता\पति सुकलाल प्रजापति पता- राम विहार आरंग, 76. विजय साहू पिता\पति अश्वनी साहू पता - कबीर नगर एकता चौक रायपुर, 77. ओम प्रकाश साहू पिता\पति घासी राम साहू पता- धनेली रावाभाठा धरसीवा रायपुर, 78. चंचल ध्रुव पिता\पति किशोर ध्रुव पता- सुदामा नगर रायपुर, 79. अर्जुन तांडी पिता\पति त्रिनाथ तांडी पता- BSUP कॉलोनी ब्लॉक न. C रायपुर, 80. सुनीता जायसवाल पिता\पति छोटेलाल जायसवाल पता- बढाई पारा रायपुर, 81. जानवी गोयल पिता\पति कमल किशोर पता- डूमर तालाब रायपुर, 82. राकेश पंचवारे पिता\पति हनेश पंचवारे पता- भनपुरी बिरगांव रायपुर, 83. ट्विंकल धनकर पिता\पति तरुण धनकर पता - रामेश्वर मंदिर न्यूज़ शांति नगर, 84. वीणा साहू पिता\पति संतोष साहू पता- दुर्गा नगर बिरगांव, 85. तुषार साहू पिता\पति रामनाथ साहू पता- बकली, 86. लिना देशमुख पिता\पति केशव देशमुख पता- पीपरछेड़ी धमतरी, 87. ममता कुम्भकार पिता\पति चंदूलाल कुम्भकार पता- ब्राम्हण पारा वार्ड कुम्हार पारा धमतरी, 88. ईश्वरलाल साहू पिता\पति गुलाबराम साहू पता- पुलिस लाइन रुद्री धमतरी, 89. हिमांशु साहू पिता\पति भूषण लाल साहू पता- राजनांदगांव, 90. मूलचंद साहू पिता\पति भुनेश्वर साहू पता-कोटराभांठा, 91. निरंजन साहू पिता\पति भिखारी राम साहू पता- राजनांदगांव म. न. 8 18 एकड़ पुलिस लाइन, 92. उमा केशरवानी पिता\पति सूरज केशरवानी पता- बाज़ारपारा बेमेतरा वार्ड न.18, 93. रूपराम बनपेला पिता\पति स्व. महेत्तर राम बनपेला पता- म.न. 215 अन्नापूर्णा पारा पुराना आरामिल के पास कांकेर, 94. टोडरमल साहू पिता\पति मिलन राम साहू पता- पेवरो गुरुर, 95. ललित सोनी पिता\पति स्व. रामलाल सोनी पता- जगदलपुर, 96. धनंजय देवांगन पिता\पति बृजराम देवांगन पता- बागबहरा वार्ड न.13, 97. नरेश कुमार केशरवनी पिता\पति स्व. फागुराम केशरवानी पता- नगर पंचायत पांडातराई, 98. डिकेश्वर वर्मा पिता\पति तिरिशराम वर्मा पता - सिविल लाइन बलौदाबाजार, 99. पी. गंगा रेड्डी पिता\पति मनिंदर पाल आनंद पता - डी. एन. के. कोंडागांव, 100. लोकेश कुमार देशमुख पिता\पति में कुमार देशमुख पता - तिरंगा वार्ड- 7 दुर्ग, 101. ओमप्रकाश देशमुख पिता\पति डोमन लाल देशमुख पता- अंजोर भिलाई, 102. यशवंत यादव पिता\पति अरुण यादव पता- बघेरा वार्ड न. 56 दुर्ग, 103. रेशनी साहू पिता\पति हिरमन लाल साहू पता- पोलसाय पारा दुर्ग, 104. विजय कुमार रामटेके पिता\पति स्व. डेहराराम रामटेके पता- शिवनगर बाँधा तालाब दुर्ग, 105. हेमा चंद्राकर पिता\पति पुराणिक चंद्राकर पता - दीपक नगर दुर्ग, 106. मंजीत कौर भाटिया पिता\पति स्व. इवेल सिंह भाटिया पता- संतरा बाड़ी दुर्ग, 107. दुलसिया बाई पिता\पति स्व. बिसहुवा साहू पता- पदुम नगर चरोदा भिलाई-3, 108. अंशिका गुप्ता पिता\पति श्याम जी गुप्ता पता- कैंप -1 भिलाई, 109. स्वाति साहू पिता\पति पूरण चंद साहू पता-भिलाई, **बिलासपुर संस्करण**- 110. प्रवीण यादव पिता/पति- धनेश यादव, पता शांति नगर हाफा रोड सकरी, बिलासपुर 111. मुस्कान यादव, पिता/पति- कृष्ण कुमार यादव, पता - उसलापुर साईं आनंदम के पास, बिलासपुर 112. रश्मि सेन पिता/पति- स्व. कमल सेन, बिलासपुर पता - होटल अजित के सामने तेली पारा, बिलासपुर 113. आर्यांश जायसवाल, पिता/पति- शैलेन्द्र जायसवाल, पता- नंदू गैरेज के पीछे तेलीपारा बिलासपुर, 114. शैलेंद्र कुमार सोनवानी, पिता/पति- सरजू प्रसाद सोनवानी, पता - छोटी कोनी बिलासपुर, 115. चुम्मन चंद्राकर पिता/पति- गिरधर चंद्राकर, पता - विकाश नगर शांति नगर, बिलासपुर 116. चितगोविंद प्रसाद कौशिक, पिता/पति- स्व. अजीतराम कौशिक, पता- यातायात नगर परसदा, जिला बिलासपुर, 117. मनीष पटेल पिता - रामप्रसाद पटेल, पिता/पति- वार्ड न. 43 पटेल मोहल्ला, बिलासपुर 118. दिलप्रीत सिंह छाबड़ा पिता/पति- जी.एस. छाबड़ा, पता - मित्र बिहार लिंक रोड बिलासपुर, 119. प्रतिमा कश्यप, पिता- रामकिशुन कश्यप, पिता/पति- कुदुदण्ड मिलन चौक बिलासपुर, 120. हरप्रीत सिंह खनुजा, पिता/पति- थान सिंह खनूजा, पता- दयालबंद टिकरापारा बिलासपुर, 121. श्यामसुंदर कुशवाहा पिता/पति- स्व. चंद्रशेखर प्रसाद, पता- मंगला बिलासपुर, 122. सुचिता सिंह पिता/पति- एम.एल. ऊके, पता- भारतीय नगर बिलासपुर, 123. नुमान बाघड़े, पिता/पति- नितिन बाघड़े पता - जरहाभाठा बिलासपुर, 124. राधा सिंह ठाकुर बाघड़े पिता/पति- अजय सिंह ठाकुर पता- सिटी कोतवाली बिलासपुर, 125. श्रेया विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा पता- तेलीपारा बिलासपुर, 126 मौजी निर्मलकर पिता/पति- सुखदेव निर्मलकर, पता- जुना बिलासपुर, 127. सुन्दर लाल मार्को पिता/पति- स्व. होरीलाल मार्को, पिता/पति- बिनौरी काठाकोनी, जिला बिलासपुर 128. अल्का साहू पिता/पति- राजेन्द्र कुमार साहू, पता- मंगला बिलासपुर, 129. वैभव यादव पिता/पति- विरेन्द्र कुमार यादव, पता नया तालाब के पास सड़क के पास मोपका, जिला बिलासपुर 130. आर्यन गुप्ता पिता/पति- विष्णुकांत गुप्ता पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर 131. पवन विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा, पता तेलीपारा बिलासपुर, 132. राम किशोर ठाकुर पिता/पति- स्व. तुलसीराम ठाकुर पता - सरकंडा बिलासपुर, **भोपाल संस्करण**- 133. नित्या बलदार पिता\पति -विमल बलदार पता- 727 बागसेवनिया, 134. फातिमा पिता\पति मो. शाहिद पता- 87 नारियल खेड़ा भोपाल, 135. आलिया पिता\पति इमरान 26 पता- जनता नगर करोद, 136. अर्पिता यादव पिता\पति श्रीकांत यादव पता- फ्लैट 8 ड्रीमलैंड अपार्टमेंट ईदगाह हिल्स भोपाल, 137. मयंक उपाध्याय पिता\पति शिवप्रसाद उपाध्याय पता- जीरापुर, 138. लक्ष्मी शर्मा पिता\पति सतीश शर्मा (मावावाला) पता -आवास कॉलोनी जीरापुर, 139. प्रीति राठौर पिता\पति राजेश राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, 140. सुरेन्द्र सिंह पिता\पति जीरापुर, **जबलपुर संस्करण**- 141. अदिति मेहरा पिता\पति कृष्ण कुमार मेहरा पता- कांटी धमनी पाटन, 142. अर्पिता श्रीवास्तव पिता\पति ए.के श्रीवास्तव पता- कांचघर, 143. शशांक सिंह पिता\पति अमर सिंह पता- रिछाई जबलपुर, 144. सुभद्रा पिता\पति अजय पता- जबलपुर आधारताल, 145. शिवा निषाद पिता\पति राम खिलावन निषाद पता- गांधीगंज कटनी, 146. नारायण प्रसाद अग्रहरी पिता\पति द्वारका प्रसाद अग्रहरी पता- राजीव गांधी वार्ड वार्ड नंबर 13 रबर फैक्ट्री साइन मंदिर के पास कटनी मुड़वारा, 147. शशि कोस्टा पिता\पति- स्व. कंदीलाल कोस्टा पता-जगमोहन दास वार्ड नई बस्ती कटनी, 148. मानसी पिता\पति- विजय बाबा नारायण शाह पता- गुरुद्वारा के पास मुरवारा कटनी

नियम एवं शर्तें लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

# कलेक्टर एवं एसपी ने अंतरराज्यीय जांच चौकी पलसापाली का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह ने अंतरराज्यीय जांच चौकी पलसापाली का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नाका पोस्ट पर तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों से मौके पर उपलब्ध सुविधाओं, सुरक्षा प्रबंधन तथा आवश्यक दस्तावेजों की जांच की।

कलेक्टर लंगेह ने चौकी में रखे जाने वाले रजिस्टर, आगमन प्रस्थान दर्ज पुस्तिका, वाहनों की जांच प्रक्रिया और टीम की ड्यूटी पद्धति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अंतरराज्यीय सीमा पर



आने-जाने वाले सभी मालवाहक वाहनों की सतर्कता से जांच की जाए तथा किसी भी प्रकार की अवैध परिवहन गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों को सतत निगरानी करते हुए अवैध परिवहन करते वाहन पाए जाने पर तत्काल सीज कर प्रकरण दर्ज करने तथा संदेहास्पद गतिविधियों में सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

कलेक्टर लंगेह ने कहा कि अंतरराज्यीय चौकियों पर पारदर्शिता और सतर्कता अत्यंत आवश्यक है। इसलिए ड्यूटी के दौरान लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को राज्य सरकार के निर्देशों के अनुरूप सतत निगरानी और त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर ने टीम को आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और ड्यूटी रोस्टर का कड़ाई से पालन करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर पैकरा, तहसीलदार कृष्ण कुमार साहू एवं पुलिस एवं राजस्व, मंडी एवं खाद्य विभाग के कर्मचारी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### अग्रवाल नर्सिंग में विविध बीमारियों की जांच 29 को



**बसना।** प्रदेश के प्रख्यात रोबोटिक एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन एवं रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर के डायरेक्टर डॉ. संदीप दवे 29 नवंबर शनिवार को अग्रवाल नर्सिंग होम बसना में उपलब्ध रहेंगे। डॉ. दवे ने अपने करियर में हजारों सफल लैप्रोस्कोपिक सर्जरी कर नए-नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। साथ ही उन्होंने अब तक 500 से भी अधिक सफल रोबोटिक सर्जरी कर प्रदेश में उन्नत रोबोटिक सर्जरी का एक नया अध्याय लिखा है। इस विशेष शिविर में हर्निया, गॉल ब्लैडर स्टोन, अपेंडिक्स, लिवर, बच्चेदानी से संबंधित सर्जरी, पेट में गांठ, सिस्ट, ट्यूमर तथा सभी प्रकार की पेट से संबंधित जनरल एवं एडवांस्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी करेंगे। 27 नवंबर तक अपनी जांच एवं पंजीयन करा सकते हैं।

### गांजा तस्कर को 15 साल कैद, डेढ़ लाख जुर्माना

**रायपुर।** टिकरापारा थाना क्षेत्र में इंटरस्टेट बस टर्मिनल के पास 20 किलो से ज्यादा गांजा के साथ गिरफ्तार आरोपी को न्यायाधीश किरण थवाईत की स्पेशल कोर्ट एनडीपीएस ने 15 साल कैद तथा डेढ़ लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक भुवनलाल साहू के अनुसार कोर्ट ने उत्तरप्रदेश, जौनपुर निवासी अजीत यादव को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 12 जनवरी 2025 को अजीत के कब्जे से गांजा जब्त किया था।

### पत्रकार पर हमले का आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** बोरियाखुर्द निवासी पेशे से पत्रकार हरिमोहन तिवारी ने एक अन्य व्यक्ति तथा उसके बेटे के खिलाफ मामली विवाद में मारपीट करने की टिकरापारा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। हरिमोहन ने बफाती उर्फ भोलू खान तथा उसके बेटे के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। हरिमोहन ने पुलिस को बताया कि भोलू उसके 12 साल के बेटे को गाली-गलौज देकर धमका रहा था। इस बात की जानकारी मिलने पर हरिमोहन भोलू को समझाने गया। इससे भोलू नाराज होकर अपने बेटे के साथ मिलकर हरिमोहन के घर में घुसकर मारपीट की। हरिमोहन की शिकायत पर पुलिस ने भोलू को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है।

### देशी कट्टा बरामद धरा गया बदमाश

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने उरकुरा रेलवे स्टेशन के पास कट्टा लहराकर लोगों को धमकाने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से देशी कट्टा तथा एक जिंदा कारतूस जब्त किया है। पुलिस ने कट्टा लहराकर लोगों को धमकाने के आरोप में शनि कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल कर दिया है।

### कार पार्क करने से मना करने पर मारपीट

**रायपुर।** अभनपुर थाने में एक युवक ने दो अन्य युवकों तथा उसके साथियों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। चंद्रकांत मिश्रा ने ऋषि साहू, घनश्याम साहू तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। चंद्रकांत ने पुलिस को बताया कि घनश्याम ने उसके घर के सामने कार पार्क की। मना करने पर घनश्याम ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर चंद्रकांत के साथ मारपीट की।

### आपसी रंजिश के चलते युवक से की मारपीट

**रायपुर।** मौदहापारा थाने में एक युवक ने एक अन्य युवक के खिलफ आपसी रंजिश के चलते रास्ता रोककर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इरफान खान ने शहबाज अली के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। इरफान ने पुलिस को बताया कि शहबाज ने आपसी रंजिश के चलते उसे रास्ते में रोककर मारपीट की।

# मतदाता पुनरीक्षण प्रशिक्षण शिविर, वोट चोरी रोकने के लिए कांग्रेस गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस भवन में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान को प्रभावी बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उद्घाटन भाषण डॉ रश्मि चंद्राकर ने दी। इस विशेष प्रशिक्षण सत्र में कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश स्तर के मार्गदर्शक विनोद वर्मा ने मुख्य रूप से उपस्थित होकर कार्यकर्ताओं को विस्तृत दिशा-निर्देश प्रदान किए। प्रशिक्षण के दौरान वर्मा ने कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत सही मतदाता सूची होती है। और चुनाव के दौरान सबसे अधिक अनियमितताएं फर्जी वोट और मतदाता सूची में हेरफेर से होती हैं। इसी कारण कांग्रेस पार्टी ने प्रदेशभर में यह अभियान चलाया है। ताकि, प्रत्येक सही मतदाता का नाम सूची में रहे और किसी भी प्रकार की वोट चोरी की संभावना न रहे।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को विभिन्न बिंदुओं पर विशेष रूप से प्रशिक्षित किया। इसमें नए मतदाताओं के नाम जोड़ने की प्रक्रिया, मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने की विधि, डुप्लीकेट प्रविष्टियों की जाँच एवं सुधार, बूथ स्तर पर मतदाता सूची का सत्यापन, आम नागरिकों को जागरूक करने के लिए अभियान की रणनीति बनाई गई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस के जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर,



विनोद वर्मा, विनोद चंद्राकर पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव, खिलावन बघेल अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी एवं पूर्व बोर्ड उपाध्यक्ष, ढेलू निषाद ग्रामीण अध्यक्ष, निखिलकांत साहू नगर पालिका अध्यक्ष, दाऊलाल चंद्राकर, लक्ष्मी देवांगन,अंकित बागबाहरा, राजेश जैन, अमन चंद्राकर, गौरव चंद्राकर, वीरेंद्र चंद्राकर, सेवनलाल चंद्राकार चंद्राकर, नितेंद्र बैनर्जी, हीरा बंजारे, मानिक साहू, विजय साव, गुरमीत चावला, नारायण नामदेव, भरत ठाकुर, पार्षद रिंकू चंद्राकर, नीरज चंद्राकर, महेंद्र साहू जनपद सदस्य, राजेश नेताम, कमल प्रजापति, राजू साहू, तुलसी साहू, खेमराज ध्रुव, अक्षय सकारकर, सोनम रामटेके, दसोदा ध्रुव, प्रहलाद ध्रुव, मोती साहू, लीलू साहू, सचिन गायकवाड, भोलाराम गंधर्व, संतोष धीवर, कपिल साहू, चंद्रेश साहू, जावेद चौहान, हुलास गिरी गोस्वामी, मनोहर ठाकुर, टोमन सिंग कागजी,जाकिर रजा, मेहुल सूचक, हार्दिक सोना, लोकेश चंदन साहू, डॉ. सैय्यद एजाज नकवी, आशीष साहू, रवि ध्रुव, डीआर नायक, डॉ शत्रुघ्न साहू, बसंत चंद्राकर, सुरेंद्र ठाकुर, आवेज खान, गजेंद्र साहू, आशीष बरिहा, चेतन साहू, मोहन यादव, तुलसी देवदास एवं कांग्रेस के पदाधिकारियों, ब्लॉक अध्यक्षों, बूथ लेवल प्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सभी ने एक स्वर में कहा कि महासमुंद जिले में किसी भी प्रकार की वोट चोरी नहीं होने दी जाएगी और प्रत्येक बूथ पर कांग्रेस कार्यकर्ता सजग रहेंगे। कार्यक्रम के अंत विधानसभा प्रभारी विनोद चंद्राकर ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि लोकतंत्र की रक्षा जनभागीदारी से होती है, और कांग्रेस इस दिशा में निरंतर सकारात्मक प्रयास कर रही है।

## क्रिकेट : आरपी ग्रुप ने रोमांचक मुकाबले में ब्रदर ब्लास्ट को 6 रन से हराया

# आकाश कप पीसीएल डे-नाइट ड्यूस बॉल क्रिकेट में आरपी ग्रुप विजयी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

स्थानीय शहीद भगत सिंह खेल मैदान में आयोजित आकाश कप डे-नाइट ड्यूस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट पीसीएल 2025 के फाइनल मुकाबले में आरपी ग्रुप ने शानदार जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आरपी ग्रुप ने निर्धारित 20 ओवर में 163 रन बनाए और ब्रदर ब्लास्ट को 164 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में ब्रदर ब्लास्ट की टीम 20 ओवर में 157 रन ही बना सकी। इस प्रकार आरपी ग्रुप ने 6 रन से रोमांचक जीत हासिल की। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी, अधिवक्ता एवं पत्रकार आकाश अग्रवाल, अध्यक्षता रमेश सिन्हा उप सरपंच ग्राम पंचायत लहरौद एवं पत्रकार ने की। विशिष्ट अतिथियों में गोपाल शर्मा, अध्यक्ष व्यापारी एकता मंच पिथौरा, गोविंद




शर्मा, मोनू सलूजा, अमरप्रीत सिंह छाबड़ा, राम कुंवर सिन्हा पार्षद वार्ड-12 तथा हेमलता सागर निषाद पार्षद वार्ड-8 उपस्थित रहे। फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच मोहम्मद असलम रहे। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज योगेश पटेल, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज टीकाराम नायक, सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर मानस सेठ, बेस्ट फील्डर राहुल चौधरी एवं अकरम खान जबकि मैन ऑफ द सीरीज सोनू तिवारी रहे। यह टूर्नामेंट कुल आठ फ्रेंचाइजी टीमों के बीच खेला गया। कॉमेंट्री की जिम्मेदारी सुरेश ठाकुर और सिमरन धनेश्वर प्रधान ने निभाई, जबकि स्कोरर के रूप में शुभम तिवारी और अविनाश मित्तल रहे।

आयोजन को सफल बनाने में पार्षद वार्ड 15 कौशल दास मानिकपुरी, शैलेंद्र सिन्हा, राजेश चौधरी, नवीन साहू, कलीम खान, सुनील यादव, अविनाश पटेल, राहुल चौधरी, विजय गौतम, दिनेश साहू, तारी टूटेजा आदि का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में मंच संचालन शिक्षक सुधीर प्रधान तथा आभार प्रदर्शन शैलेंद्र सिन्हा ने किया।

# कांग्रेस भवन में बूथ लेवल ऑब्जर्वरों का हुआ प्रशिक्षण

**महासमुंद।** मतदाता पुनरीक्षण को पारदर्शिता पूर्ण संपन्न कराने जिला कांग्रेस भवन में शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के बीएलए (बूथ लेवल ऑब्जर्वर) प्रशिक्षण एवं समीक्षा बैठक वरिष्ठ कांग्रेस नेता विनोद वर्मा तथा विधानसभा प्रभारी पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। पूर्व विधायक चंद्राकर एवं वर्मा ने सभी बीएलए को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे अपने-अपने बूथ क्षेत्र में घर-घर जाकर मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण करवाएं तथा यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र मतदाता सूची में नाम जुड़वाने से वंचित न रहे। विनोद वर्मा ने कहा कि बीएलए पार्टी की रीढ़ हैं। पूरे प्रदेश में एसआईआर कार्य की निगरानी कांग्रेस कर रही है, वोटर लिस्ट में हेरफेर करना भाजपा की नीति है, कांग्रेस की स्थिति जहां मजबूत है, उन क्षेत्रों में भाजपा मतदाता सूची में गड़बड़ी कर सकती है, इस पर विशेष नजर रखना है। पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस का हर कार्यकर्ता विधानसभा क्षेत्रों में दिन-रात संगठन को मजबूत करने में जुटे हैं। मतदाता सूची में नए नाम जुड़वाना व मौजूदा सूची में पारदर्शिता पूर्ण संशोधन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मतदाता ही लोकतंत्र की असली ताकत है, इसलिए इस विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में पूरी तत्परता से जुटें। तथा ध्यान रखे कि कहीं किसी पात्र व्यक्ति का नाम न छुटे। इस अवसर पर प्रोजेक्टर के माध्यम से सभी बीएलए को एसआईआर संबंधी जानकारी देकर प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल, ग्रामीण अध्यक्ष ढेलू निषाद, खिलावन साहू, दाऊ लाल चंद्राकर, अंकित बागबाहरा, नितेंद्र बनर्जी, अमन चंद्राकर, हीरा बंजारे, गौरव चंद्राकर, रिंकू चंद्राकर, नारायण नामदेव, सचिन गायकवाड़, दसोदा ध्रुव, आवेज खान, जाकिर आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेस का आरोप- एसआईआर के नाम पर जनता को परेशान करवा रही है भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मोदी नोटबंदी के समय जैसे जनता को लाइन में लगाया था वैसे ही एसआईआर के नाम पर एक बार फिर से जनता को अपना मतदान बचाने लाइन में लगा दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा की केन्द्र सरकार एसआईआर के नाम पर प्रदेश की जनता को परेशान कर रही है। आज हर आदमी अपना सब काम छोड़कर अपनी नागरिकता साबित करने तथा मतदाता सूची में अपना नाम बचाने की कवायद में लगा है। आयोग मतदाताओं को अनावश्यक परेशान कर रहा है। जो लोग दशकों से मतदान कर रहे हैं, उनको भी अपने आपको प्रमाणित करने के लिये मशक्कत करनी पड़ रही है। भाजपा ने अपनी राजनीति और सत्ता को बचाने के लिये सभी देशवासियो को लाइन में खड़ा कर दी है।

उन्होंने कहा, चुनाव आयोग ने बिना प्रशिक्षण दिये ही आनन-फानन में आंगनबाड़ी सहायिकाओं और कार्यकर्ताओं को बीएलओ बनाकर फील्ड में भेज दिया है। आयोग के बीएलओ खुद फार्म की जानकारियों के बारे में दिग्भ्रमित है, जिसके कारण भी मतदाता प्रपत्र नहीं भर पा रहे हैं। विवाहिता स्त्री के मामले में आयोग की नियमावली में पिता-माता के 2003 के मतदाता सूची को आधार माना गया है, लेकिन जानकारी के आभाव में आयोग के बीएलओ अधिकांश मतदाताओं से उनके पति की जानकारी को भरकर प्रपत्र स्वीकार कर लिया है। अतः आयोग यह स्पष्ट करें कि बीएलओ के द्वारा भराये गये यह फार्म निरस्त नहीं होंगे।



■ मोदी ने नोटबंदी के बाद एसआईआर पर जनता को लाइन में लगा दिया : बैज

उन्होंने कहा, आनलाइन एसआईआर फार्म भरने और आफलाइन एसआईआर फार्म में जो दस्तावेज मांगे जा रहे वह भी अलग हैं। आनलाइन में केवल आधार नंबर से एसआईआर हो जा रहा, जबकि आफलाइन में 2003 की मतदाता सूची में परिजन का नाम अनिवार्य कर दिया गया है। अब आयोग यह भी स्पष्ट करे कि आनलाइन फार्म स्वीकार करने के बाद फिर से आफलाइन फार्म नहीं मांगेगा। बीएलओ को भाजपा नेता कार्यकर्ता ठीक से काम करने नहीं दे रहे हैं। ऐसी शिकायत जगह-जगह से आ रही है। भाजपा के नेता बीएलओ पर अनुचित दबाव डाल रहे हैं।

**तेलंगाना और राजस्थान की सूची जारी, छत्तीसगढ़ की सूची अटकी**

# जिला अध्यक्षों की सूची पर राहुल की स्वीकृति के बाद लगेगी मुहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत छत्तीसगढ़ कांग्रेस संगठन में बड़ा बदलाव करने की तैयारी है। 17 अक्टूबर तक सभी जिलों के पर्यवेक्षकों ने ब्लॉक कांग्रेस की राय लेकर संभावित नामों की सूची एआईसीसी को सौंप दी थी। 41 जिलाध्यक्षों में नए चेहरों को मौका मिल सकता है। नए जिला अध्यक्षों की सूची लंबे समय से एआईसीसी में अटकी हुई है। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार सूची को अंतिम रूप देने से पहले राहुल गांधी की प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट के साथ होने वाली बैठक के बाद जारी होगी।

छत्तीसगढ़ में संगठन को नया और सक्रिय स्वरूप देने के उद्देश्य से बदलाव किया जा रहा है। संगठन में नियुक्ति के लिए एआईसीसी ने प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं से भी राय ली है। पर्यवेक्षकों ने अपनी पूरी रिपोर्ट देने के साथ ही एआईसीसी को पूरा फीडबैक दे दिया है। ऐसे में यह माना जा रहा था कि नवंबर के अंत में सूची आ जाएगी। सूत्र बताते हैं कि राज्य के वरिष्ठ नेताओं से राय लेने के बाद अब राहुल गांधी, एआईसीसी के महासचिव केसी वेणुगोपाल के साथ प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट की एक और बैठक होगी। बैठक में आए सभी नामों पर चर्चा के बाद सक्रिय लोगों के नाम जारी किए जाएंगे। बिहार चुनाव के कारण इस पर होने वाली बैठक नहीं हो पाई, जो जल्द होगी।

### कल आएंगे पायलट



प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट 26 नवंबर को छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहे हैं। बताया गया है कि वे यहां पर निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे एसआईआर कार्यक्रम की पार्टी स्तर पर समीक्षा के लिए आ रहे हैं। कांग्रेस द्वारा बूथों में बनाए गए बीएलए के माध्यम से पूरे प्रदेश में एसआईआर की जानकारी लेंगे। वहीं पार्टी की निगरानी समिति से अब तक प्रदेश की रिपोर्ट भी लेंगे।

### जल्द आएगी जिला अध्यक्षों की सूची- बैज

जिलाध्यक्षों की सूची को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, राजस्थान और तेलंगाना दोनों राज्यों की जिला अध्यक्षों की सूची आ गई है। हम चाह रहे हैं कि सूची जल्द आ जाए, ताकि संगठन के बहुत सारे काम हो सकें। बहुत जल्द छत्तीसगढ़ की सूची आएगी।

### वरिष्ठ नेताओं में खींचतान

जिलों से जिन नामों का पैनल गया है, उनमें अधिकतर ऐसे लोग शामिल हैं, जो पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के खेमे से हैं। नामों को लेकर कई वरिष्ठ नेताओं में खींचतान मची हुई है। ऐसे में देखना यह है कि जो नार्म्स संगठन ने तय किए हैं, उन पर वे कितने फिट बैठते हैं। वहीं राज्य में राजनीतिक समीकरण के हिसाब से नामों को तय करने की तैयारी है। बताया जा रहा है कि अब होने वाली बैठक में किन नामों को तवज्जो देते हैं, यह बैठक के बाद ही तय हो सकेगा।

### कमजोर प्रदर्शन करने वाले बदले जाएंगे

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस ने इसके पहले 11 जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की थी, लेकिन कुछ जिलों में संगठन का प्रदर्शन उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा। अब कमजोर प्रदर्शन वाले जिला अध्यक्षों को भी बदलने की तैयारी हो चुकी है। जिन जिलों में विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी का प्रदर्शन ठीक नहीं रहा, उनका हटना तय है। माना जा रहा है कि सभी जिलों में नए अध्यक्षों की नियुक्ति नवंबर के अंत में आने की संभावना है।

## अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में सीएम साय ने छत्तीसगढ़ पवेलियन का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में आज छत्तीसगढ़ पवेलियन आकर्षण का केंद्र बना रहा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ के पवेलियन का भ्रमण कर विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने पवेलियन में प्रदर्शित उत्पादों और नवाचारों की प्रशंसा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ वैश्विक व्यापार मंचों पर लगातार अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की पारंपरिक कला, हस्तशिल्प, वनोपज आधारित उत्पाद और पारंपरिक कला वैश्विक बाजार में अपनी विशेष पहचान बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश-विदेश के खरीदारों के बीच छत्तीसगढ़ी उत्पादों की बढ़ती मांग स्थानीय अर्थव्यवस्था की मजबूती और हमारे कारीगरों के सम्मान को नई दिशा दे रही है। यह 'आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़' के हमारे संकल्प की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

## बीपीटी की खाली नए आवेदन मंगाए गए

**रायपुर।** राज्य में संचालित एक शासकीय और एक निजी फिजियोथैरेपी कालेज में मॉपअप राउंड के बाद 13 सीटें खाली है। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा स्ट्रे वेकैंसी राउंड का आयोजन करने के लिए अभ्यर्थियों से आवेदन मंगाया गया है। ऑनलाइन आवेदन के साथ च्वाइस फीलिंग के लिए 25 से 27 नवंबर तक की तारीख तय की गई है। खाली सीटों में चार शासकीय और बाकी 9 निजी कालेज से संबंधित है। बीपीटी की प्रवेश प्रक्रिया नीट के माध्यम से की जाती है।

# लिखित परीक्षा के जरिए भरे जाएंगे नवोदय और केंद्रीय विद्यालय के पद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने केंद्रीय विद्यालय संगठन और नवोदय विद्यालय समिति में शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक पदों पर भर्ती के लिए परीक्षा तिथि का ऐलान कर दिया है। इस भर्ती के तहत कुल 14,967 रिक्तियों को भरने का उद्देश्य है। भर्ती प्रक्रिया का पहला चरण, यानी टियर 1 परीक्षा, जनवरी 2026 में आयोजित की जाएगी। इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। इच्छुक और पात्र उम्मीदवार सीबीएसई, नवोदय विद्यालय अथवा केंद्रीय विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट उपलब्ध आवेदन लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने और फीस भुगतान की अंतिम तिथि 4 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है। इस भर्ती का लक्ष्य केवीएस में 9126 और एनवीएस में कुल 5841 पदों को भरना है। सहायक आयुक्त के 17, प्रधानाचार्य के 227, उप प्राचार्य के 58, स्नातकोत्तर शिक्षक के 2978, पीजीटी के 1, प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक के 5772, तृतीय भाषा शिक्षक के 443, लाइब्रेरियन के 147, प्राथमिक शिक्षक के 3365 सहित 1931 पद गैर शैक्षणिक स्टाफ के हैं।

■ तीन वेबसाइट के जरिए 4 दिसंबर तक कर सकते हैं आवेदन



### जनवरी में होगी परीक्षा

केंद्रीय विद्यालय संगठन और नवोदय विद्यालय समिति में शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों के लिए भर्ती अधिसूचना के अनुसार, टियर-1 परीक्षा 10 और 11 जनवरी 2026 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा केंद्र, आवंटित परीक्षा शहर, परीक्षा कार्यक्रम और टियर-1 के प्रवेश पत्र की जानकारी उम्मीदवारों के ऑनलाइन लॉगिन में समय पर उपलब्ध कराई जाएगी। बोर्ड ने कहा है कि, उम्मीदवार परीक्षा से जुड़ी ताजा जानकारी के लिए आधिकारिक वेबसाइट देखते रहें। चुनाव प्रक्रिया में उम्मीदवारों का चयन कई चरणों में किया जाएगा, जिसमें लिखित परीक्षा (टियर-1), कुछ पदों के लिए कौशल परीक्षण, दस्तावेज सत्यापन और चिकित्सा परीक्षा शामिल हैं।

# जमीन की नई गाइडलाइन दर को लेकर विरोध प्रदर्शन करने बिल्डर पहुंचे रजिस्ट्री कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जमीन की नई गाइड लाइन दर को लेकर राजधानी सहित प्रदेश के बिल्डर विरोध में उतर गए हैं। बिल्डरों के सबसे बड़े एसोसिएशन छत्तीसगढ़ क्रेडाई संघ तथा अन्य बिल्डरों ने रायपुर सहित राज्य के अलग-अलग शहरों में सोमवार को प्रदर्शन किया। राजधानी में बिल्डर तथा ब्रोकर ने रजिस्ट्री कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया।

छत्तीसगढ़ क्रेडाई का दावा है कि नई गाइड लाइन जारी होने के बाद रायपुर में कई जगहों पर जमीन की सरकारी कीमत मार्केट रेट से कई गुना ज्यादा हो गई है। ब्रोकरों का कहना है कि लोग जितनी कीमत में जमीन नहीं खरीदेंगे, उससे कहीं ज्यादा कीमत के आधार पर रजिस्ट्री शुल्क देंगे। इसका असर रियल एस्टेट के कारोबार पर भी पड़ेगा। क्रेडाई का कहना है कि नई गाइडलाइन में कई बदलाव स्वागत योग्य है।



### बिल्डरों की प्रमुख मांग यह है

बिल्डर तथा जमीन खरीदी बिक्री के कार्य में लगे ब्रोकर के अनुसार गैर पारिवारिक लोगों की ओर से जमीन खरीदे जाने की स्थिति में प्रत्येक खरीदार के अंश के आधार पर गणना की जाए। जमीन की बिक्री केवल रकबे के आधार पर होती है, खरीदारों की संख्या के आधार पर मूल्य तय करने से जमीन का गाइड लाइन मूल्य वास्तविक मूल्य से कई गुना बढ़ गया है, इसे ठीक करना होगा। पंजीयन शुल्क को 4 प्रतिशत ही रखना होगा। अभी बहुमंजिला भवनों में ऊपर की मंजिलों पर कंस्ट्रक्शन कॉस्ट में दी जाने वाली छूट खत्म कर दी गई है।

### पूर्व का पंजीयन शुल्क लागू करने की मांग

बिल्डरों के अनुसार नए रेट लागू हो गए हैं, इसलिए गाइड लाइन में छूट के पहले लगने वाले पंजीयन शुल्क की दर 0.8% को वर्तमान में लागू किया जाना चाहिए। यह दर भी वर्तमान की तरह संपत्ति के गाइड लाइन मूल्य तक ही लगनी चाहिए। गाइड लाइन से अधिक दरों पर पंजीयन कराने वालों के लिए यह काम नहीं करेगा। छत्तीसगढ़ में व्यावसायिक और आवासीय इमारतों में ऊपर के फ्लोर का बिक्री मूल्य कम होता है। इसीलिए पहले की तरह ही सेकेंड फ्लोर एवं उसके ऊपर की मंजिलों पर मिलनी वाली छूट को यथावत रखा जाए। जिन जगहों पर सरकारी कीमत बाजार रेट से ज्यादा हो गई है, वहां फिर से जांच करवाकर नए रेट लागू करने बिल्डरों ने मांग की है।

**खबर संक्षेप**




## परसुली में कुराल पूजा पर हुआ हवन पूजन

**नर्रा।** ग्राम परसुली सर्कल 1 के कुम्हार समाज द्वारा कुराल व चक्र पूजा महोत्सव मार्ग शीर्ष शुक्ल पक्ष पंचमी मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भगवान विष्णु मंदिर परिसर में पंडित द्वारा विधिवत विधि विधान से हवन पूजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। इस अवसर पर प्रसादी के रूप में भंडारा का आयोजन किया गया। रात्रिकालीन में भूले बिसरे छग नाच पार्टी मोगरापाली का कार्यक्रम हुआ। इस दौरान समाज के प्रमुख नेताराम चक्रधारी जनपद सदस्य, लता कुम्हार सरपंच, जलसिंह चक्रधारी, कपूर चंद चक्रधारी, मोहित चक्रधारी, झनकराम कुम्हार समेत समाज के महिलाएं व पुरुष मौजूद रहे।

**समीक्षा :** कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक, समितियों में खरीदी प्रारंभ करने के दिए निर्देश

# एसआईआर अंतर्गत डिजिटाइजेशन के कार्य में लाएं तेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने समय-

- नोडल अधिकारी उपार्जन केंद्रों का चेकलिस्ट के अनुरूप निरीक्षण करें एग्रीस्टेक में सत्यापन का कार्य जारी रहेगा

सीमा की बैठक ली। बैठक में मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम, धान खरीदी की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी, सभी विभाग के जिला अधिकारी जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ सहित वीसी के माध्यम से सभी ब्लॉक स्तरीय संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर लंगेह ने जिले में समर्थन मूल्य पर चल रही धान खरीदी की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को आबंटित उपार्जन केंद्रों को शत प्रतिशत चालू करने के निर्देश दिए तथा उपार्जन केंद्रों में सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैय्या कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि खरीदी केंद्रों में किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न आए, इसके लिए धान खरीदी नीति के 29 बिंदुओं की चेक लिस्ट के अनुसार सभी तैयारियां सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसानों की खरीदी प्रक्रिया पारदर्शी और सहज बने, इसके लिए सीसीटीवी कैमरों को चालू स्थिति में रखा जाए तथा निगरानी टीमों द्वारा निरंतर मॉनिटरिंग की जाए। खरीदी केंद्रों में आवश्यक संसाधन, धान की नमी जांच, तौल उपकरण, मिलान पर्ची व्यवस्था, ऑनलाइन एंट्री, और तौल-प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को अपने-अपने केंद्रों का




निरीक्षण करने टोकन की जानकारी, स्टेकिंग आदि की जानकारी रखने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने जिले के सभी 16 चेक पोस्टों के माध्यम से ड्यूटीरत अधिकारियों को धान की आवक और अवैध परिवहन पर कड़ी निगरानी के निर्देश दिए है। उन्होंने अधिकारियों को चेकिंग व्यवस्था को सुदृढ़ और पारदर्शी बनाने के निर्देश दिए। आवश्यकता पड़ने पर नए और दूसरे स्थानों पर भी चेक पोस्ट खोलने कहा है। उन्होंने अवैध परिवहन करते वाहन पाए जाने पर तत्काल सीज कर प्रकरण दर्ज करने कहा है। कलेक्टर ने कहा कि सभी अवैध जप्त धान को थाना में अनिवार्य रूप से सुपुर्द करें। उन्होंने हर सप्ताह भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट देने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि एग्रीस्टेक एप के माध्यम से जिन किसानों का पंजीयन हुआ है। उनका धान खरीदा जाएगा। एप के माध्यम से जिन किसानों के रकबा एंट्री, वारिसान पंजीयन में त्रुटि हुआ है उनका सत्यापन भी जारी है। पीवी एप से संबंधित सत्यापन का कार्य जारी है। इसलिए किसान यदि पंजीकृत है, तो उनका धान खरीदा जाएगा।

### अपात्र मतदाताओं को हटाने के निर्देश

कलेक्टर ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी एआरओ एवं ईआरओ को भरे हुए गणना और घोषणा पत्रों के डिजिटाइजेशन के कार्य को तेजी से करने के निर्देश दिए हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं जारी समय सारणी के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देशानुसार पात्र मतदाताओं को शामिल करने तथा अपात्र मतदाता को हटाने के निर्देश दिए है। उल्लेखनीय है कि जिले के चार विधानसभा केंद्रों में 1083 बीएलओ द्वारा लगभग शत प्रतिशत गणना पत्रक वितरित कर संग्रहण का कार्य किए जा चुके है तथा आज तक 60 प्रतिशत तक डिजिटलाइजेशन का कार्य पूर्ण हो चुका है। कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों में सचिवों को बीएलओ के माध्यम से फॉर्म संकलन में मदद करने के लिए सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि महासमुंद की शहरी सेक्टर में मतदाता सहायता केंद्र स्थापित किया जा रहा है। जिसमें फॉर्म संकलन एवं डिजिटाइजेशन के संबंध में सहायता की जाएगी। उन्होंने सभी नगरीय निकायों के सीएमओ को एसआईआर के कार्य में गंभीरता पूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने विभिन्न शासकीय योजनाओं, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जन चौपाल, समय सीमा पत्रक, राजस्व प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की तथा उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त मांग एवं शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें।

## बच्चों को शिक्षा से वंचित करने के लिए नई-नई प्रयोग में लगी हैं साय सरकार- राकेश



**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश झाबक ने साय सरकार पर हमला करते हुए कहा कि हाल ही में छत्तीसगढ़ लोक शिक्षण संचालनालय ने सरकारी स्कूलों के प्राचार्य और हेड मास्टरों की ड्यूटी आवारा कुत्तों की निगरानी में लगाना गंभीर विषय है। उन्होंने कहा कि डीपीआई ने आदेश में सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला दिया है। उन्हें नगर निगम, नगर पंचायत और जनपद पंचायत के डॉग कैचर को जानकारी देने के लिए कहा गया है। प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा शिक्षकों द्वारा बच्चों को पढ़ाना छोड़कर कुत्तों की निगरानी कराना हास्यास्पद और चिंतनीय है।

झाबक ने कहा कि इससे जाहिर होता है कि प्रदेश की भाजपा सरकार शिक्षा विरोधी है और वह प्रदेश के बच्चों को अशिक्षित बनाना चाहती है। इस आदेश को लेकर प्राचार्य और हेड मास्टरों में नाराजगी है। उनका कहना है कि पहले से ही एसआईआर में सभी की ड्यूटी लगी है और उसके अलावा अन्य काम होते हैं तथा अगले माह स्कूलों में अर्धवार्षिक परीक्षा होने वाली है, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी। उसके बावजूद कुत्तों की निगरानी में ड्यूटी लगाना गलत है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार को चेतावनी देती है कि यदि सरकार 1 सप्ताह में इस निर्णय को वापस नहीं लेती है तो हमारी पार्टी हर जिले के डीईओ ऑफिस का घेराव कर प्रदर्शन करेगी।

## घने कोहरे की चादर से क्षेत्र आच्छादित...



**नर्रा।** तापमान में वृद्धि होने के बाद ठंड का असर कम हो गया है। वही मंगलवार अलसुबह घने कोहरे की चादर से क्षेत्र प्रात: 9 बजे तक ढंका रहा। कोहरे की वजह से ओस की बूंदें टपकती रही। घने कोहरे की वजह से चार पहिया, दोपहिया वाहन चालकों को परेशानी हुई।



## चिकित्सालय में हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

**महासमुंद।** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक जिला चिकित्सालय के सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों, उनकी प्रगति और उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की गई। यह बैठक सभापति स्वास्थ्य समिति कुमारी भास्कर की अध्यक्षता में एवं सदस्य नैन पटेल की उपस्थिति में हुआ। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव ने विभाग द्वारा संचालित प्रमुख स्वास्थ्य योजनाओं मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, टीकाकरण कार्यक्रम, नवजात गहन चिकित्सा इकाई, शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, परिवार कल्याण कार्यक्रम, जननी सुरक्षा योजना, पुनरीक्षित टीबी नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम एवं अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों की प्रगति और कार्यप्रणाली पर विस्तृत जानकारी प्रदान किया। नीलू धृतलहरे जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने समस्त कार्यक्रमों में लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धियों की जानकारी प्रदान किया। बैठक में समस्त जिला नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। स्वास्थ्य समिति ने विभागीय कार्यों की सराहना करते हुए जनहित में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु आवश्यक सुझाव भी प्रदान किए।

## जलग्रहण विकास कार्यों में जनभागीदारी बढ़ाने के लिए वाटरशेड महोत्सव का आयोजन

**महासमुंद।** ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशन में राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश सरकारों के सहयोग से जलग्रहण विकास कार्यों में जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भूमि संसाधन विभाग द्वारा वाटरशेड महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में महासमुंद जिले में वाटरशेड महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के साथ सोशल मीडिया प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में रील विजेता को 50 हजार रुपए एवं फोटोग्राफ विजेता को एक हजार रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह प्रतियोगिता 31 दिसंबर 2025 तक आयोजित की जाएगी। कोई भी इच्छुक व्यक्ति जल संचयन संरचनाओं, बागवानी, कृषि वानिकी तथा डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 1.0 एवं 2.0 सहित अन्य वाटरशेड योजनाओं के अंतर्गत निर्मित संरचनाओं और उनसे समुदाय को होने वाले लाभों को दर्शाते हुए 30 से 60 सेकंड का लघु वीडियो/रील या फोटो तैयार कर सकता है। प्रतिभागियों को अपनी सामग्री सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करते समय निर्धारित हैशटैग #WDC-PMKSY-Watershed Mahotsav 2025 का उपयोग करना अनिवार्य होगा। पोस्ट करने के बाद प्रतिभागियों को निर्धारित वेबसाइट पोर्टल https://wdcpmksy.dolr.gov-.in/registerMahotsav पर ऑनलाइन पंजीकरण एवं नामांकन कर अपनी प्रविष्टि 31 दिसंबर से पहले जमा करनी होगी। पंजीकरण के दौरान प्रतिभागियों को अपने सोशल मीडिया पोस्ट का लिंक भी अपलोड करना होगा, जिसके बाद उन्हें सफल पंजीकरण का पुष्टिकरण मेल प्राप्त होगा। प्रतियोगिता अवधि समाप्त होने के पश्चात 31 जनवरी शाम 6 बजे तक प्रतिभागियों को अपने पोस्ट के रिच, व्यू, इंगेजमेंट, लाइक एवं कमेंट का स्क्रीनशॉट पोर्टल पर जमा करना होगा। आईडब्ल्यूएमपी, डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 1.0 और 2.0 के तहत विकसित जल संचयन संरचनाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी भी विभागीय वेबसाइट https://wdcpmksy.dolr.gov.in पर उपलब्ध कराई गई है।

# आत्मानंद हिंदी विद्यालय के छात्रों ने सब्जी फसल उत्पादन के बारे में जाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय के कृषि के छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के लिए नीलम कृषि फार्म लभरा ले जाया गया। जहां छात्रों के साथ शिक्षक भी साथ गए। प्राचार्य हेमेंद्र आचार्य, उपचार्य चमन चंद्राकर, व्याख्याता नरेंद्र सिंह एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भ्रमण में जा रहे बच्चों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। फॉर्म के मालिक धर्मेश अग्रवाल ने सभी बच्चों एवं छात्र-छात्राओं को अपने फार्म हाउस में स्वागत किया और बड़े ही उत्साह के साथ उन्होंने छात्रों को फार्म हाउस का भ्रमण कराया। उन्होंने खीरा, कुम्हड़ा, कटहल,



फूलगोभी, पत्ता गोभी, टमाटर, स्टार फ्रूट, ड्रैगन फ्रूट विभिन्न प्रकार के फसलों के बारे में बच्चों को बहुत ही महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराया। उन्होंने बताया कि कौन सा फसल कितने दिन में तैयार होता है उसका बीजारोपण कैसे किया जाता है। पाली हाउस में पादप की ग्राफ्टिंग कैसे होती है। आधुनिक कृषि करने से कितना लाभ होता है। बच्चों ने बहुत ही गंभीरता से उनके प्रयोग एवं विचार एवं उत्पादन के तरीकों को सीखा। धर्मेश ने एक सेमिनार आयोजित कर बच्चों को उत्कृष्ट फसल प्रबंधन की जानकारी उपलब्ध कराई। कार्यक्रम को कृषि विषय के शिक्षक बसंत साहू ने मार्गदर्शन दिया। वरिष्ठ व्याख्याता डॉ संध्या चंद्राकर, डॉ दुर्गा डड़सेना, हेमंत डड़सेना ने भी भ्रमण में सम्मिलित हुए। विद्यालय में कृषि विषय को अध्ययन कर बहुत विद्यार्थी अभी तक स्वरोजगार अपना चुके हैं।

# यादव महासभा छग महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पद पर ममता की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. स्वपन कुमार घोष, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह यादव, राष्ट्रीय महासचिव, बलवीर सिंह यादव, राष्ट्रीय महासचिव मनोज यादव, राष्ट्रीय महासचिव दिनेश यादव की अनुशंसा एवं प्रदेश अध्यक्ष भुवनेश्वर यादव, राष्ट्रीय सचिव डीआर यादव की सहमति एवं महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजू यदु, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ब्रिगेडियर प्रदीप यदु की अनुशंसा पर प्रमुख महासचिव छत्तीसगढ़, राष्ट्रीय सचिव इंजीनियर एसडी यादव ने ममता यादव को अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा छत्तीसगढ़ महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष पद पर नियुक्ति प्रदान की। ममता यादव की नियुक्ति पर यादव महासभा छत्तीसगढ़ के समस्त पदाधिकारियों ने खुशी जाहिर की।



वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी नरेंद्र कुमार यादव, प्रदेश महामंत्री अशोक यादव महामंत्री शिव कुमार यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष रामाश्रय यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष कमल यादव, जिला अध्यक्ष रायगढ़ जयकिशन यादव जिला अध्यक्ष रायपुर राहुल यादव जिला अध्यक्ष महासमुंद विनोद यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार यादव, संभागीय अध्यक्ष परमानंद यादव, धनीराम यादव, उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, रायगढ़ जिला कार्यकारी अध्यक्ष संतोष यादव, शक्ति जिला अध्यक्ष संतोष यादव, जसपुर जिला अध्यक्ष जगदीश यादव, महामंत्री प्रीतम यादव, कार्यकारी युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष लक्ष्मी यादव, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष मिथलेश यादव, देव यादव रायपुर, प्रदेश सचिव परमेश्वर यादव, प्रदेश सचिव छोटे लाल यादव, युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष रायगढ़ पप्पू यादव, ग्रामीण अध्यक्ष ब्रजेश यादव, ग्रामीण अध्यक्ष रायपुर संजय यादव, प्रदेश सचिव संजय यादव, कार्यकारी जिला अध्यक्ष महासमुंद डॉक्टर पवन कुमार यादव सरायपाली, जिला अध्यक्ष रायगढ़ महिला प्रकोष्ठ, पंकज लता यादव, यशोदा यादव, जिला अध्यक्ष रानू यादव, सावित्री यादव, दिनेश यादव, गोपाल यादव, आलेख यादव, सतानंद यादव, पुरुषोत्तम यादव, बुधवार साय, मुरत यादव, बैसाखू यादव, अर्जुन यादव, रथराम यादव, गजेंद्र यादव, रिखी राम यादव, माखन लाल यादव, मनोज यादव, उमा शशि यादव, अनिल यादव, अनिल यदु आदि ने हर्ष जताया। उक्त जानकारी नरेंद्र कुमार यादव मीडिया प्रभारी सरायपाली ने दी है।




## जिपं सीईओ ने जन चौपाल में सुनी लोगों की मांग एवं समस्याएं

**महासमुंद।** जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित होने वाले जन चौपाल में जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार ने जिले के आमजनों की मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनी और संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए। जन चौपाल में 63 आवेदन प्राप्त हुए। जन चौपाल में आवेदकों ने एग्रीस्टैक पंजीयन, लंबित भुगतान, पीएम आवास, धान बिक्री, सीमांकन, अवैध कब्जा तथा अन्य समस्याओं व मांगो को लेकर आवेदन सौंपे। ग्राम लाफिनखुर्द निवासी हेमिनबाई ने सीलिंग भूमि हटाने के लिए आवेदन दिया। इसी तरह पिरदा निवासी रेशमलाल पटेल ने नॉमिनी जोड़कर धान खरीदी के संबंध में, ग्राम हरनादादर निवासी ढेलीबाई निराला ने धान बिक्री पंजीयन, ग्राम झारा दशरी बाई दीवान ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि के संबंध में, ग्राम बावनकेरा निवासी पीलाराम कुर्रे ने शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के संबंध में आवेदन सौंपा। सीईओ नंदनवार ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदकों की समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करने कहा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि कुमार साहू सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

## आज मनाया जाएगा संविधान दिवस

**महासमुंद।** केंद्र शासन के निर्देशानुसार 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में त्रिस्तरीय पंचायतों के समस्त प्रतिनिधि गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने कहा गया है। कलेक्टर विनय लंगेह ने बताया कि इस वर्ष का थीम हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान है। जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला पंचायत के सभा कक्ष में सुबह 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रस्तावना वाचन और चर्चा के तहत संविधान के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त करने के लिए 26 नवंबर को दिनभर जिले में प्रीएम्बल रीडिंग रिले आयोजित की जाएगी। शैक्षिक संस्थानों एवं ग्राम पंचायतों को भी प्रस्तावना वाचन के निर्देश दिए गया हैं। राज्य से प्रतिनिधि वीडियो कॉन्फ्रेंस लिंक के माध्यम से रिले सम्मिलित होंगे। जनप्रतिनिधि, अधिकारी और अन्य हितधारकों से संविधान की महत्ता पर चर्चा करेंगे। सभी प्रतिभागी निर्धारित समय पर सामूहिक रूप से प्रीएंबल का वाचन करेंगे। प्रीएम्बल वाचन के बाद प्रतिभागी संविधान के महत्व, उसके लाभ, पंचायत राज प्रणाली, महिलाओं के आरक्षण और ग्राम सभा की भूमिका पर संक्षेप में अपने विचार साझा करेंगे। इसके अलावा संविधान और अन्य बिंदुओं पर चर्चा, वाद-विवाद और क्विज़ जैसी गतिविधियां भी आयोजित किए जाएंगे।

# झालखम्हरिया में कमारडेरा तक बनी सड़क, प्रगति की राह हुई आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अंत्यंत पिछड़े और आदिवासी बाहुल्य विलुप्त प्रजाति कमार परिवारों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए ग्राम झालखम्हरिया में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत स्वीकृत विकास परियोजनाएं ग्राम के भविष्य को नई दिशा दे रही हैं। इन्हीं परियोजनाओं में से एक है 83 लाख रुपए की लागत से बनी टी-01 झालखम्हरिया से कमारडेरा तक 1.60 किमी सड़क, जिससे ग्रामीण जीवन में परिवर्तन की झलक दिखाई दे रहा है। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान का उद्देश्य दूरस्थ, निर्जन और मूलभूत सुविधाओं से वंचित आदिवासी गांवों को शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, आजीविका और सामाजिक सुरक्षा जैसी सुविधाओं से जोड़ना है। इस अभियान के माध्यम से कमार जैसे विलुप्तप्राय समुदायों तक विकास का लाभ सीधे पहुंच रहा है।

पहले मुख्य मार्ग से कटा यह पारा अब 2-3 आसपास के गांवों से सड़क मार्ग द्वारा जुड़ चुका है। इससे शादी-विवाह, धार्मिक आयोजन और मेला-मंडई में भागीदारी बढ़ेगी। गांवों के बीच सामाजिक संपर्क मजबूत होगा। सड़क बनने से गांव के बच्चों और युवाओं को अब प्राथमिक, माध्यमिक और महाविद्यालय तक पहुँचने में सहुलियत हो रही है। वर्षा ऋतु में भी अब स्कूल-कॉलेज जाना संभव हो रहा है। जिससे शिक्षा





के प्रति विद्यार्थियों में रुचि बढ़ी है। पहले स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचना कठिन था, परंतु अब गर्भवती महिलाओं को प्रसूति सुविधा समय पर मिल पाएगी। बीमार व्यक्तियों को तत्काल प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने में आसानी होगी। मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी आने की संभावना बढ़ी है। टीकाकरण और स्वास्थ्य अभियान अब गांव तक सहज पहुंच पा रहे हैं। किसानों को कृषि उपज एवं दुग्ध उत्पादन तथा अन्य दैनिक वस्तुओं के लेनदेन के लिए मुख्यालय तक ले जाने के लिए आवागमन की सुविधा आसान हो गया है, जिससे ग्रामीण व्यापार एवं कुटीर उद्योग में वृद्धि हो सकेगी। कमारडेरा के अतिरिक्त आसपास के अन्य ग्रामों के कृषि उपज, दुग्ध उत्पादन, मछली पालन तथा मजदूरी करने के लिए ग्रामवासियों को आवागमन की सुविधा मिलने से ग्राम में आर्थिक समृद्धि आएगी। शासन की कल्याणकारी योजनाएं अब गांव में सकारात्मक परिवर्तन ला रही है।

कमारपारा निवासी रामसिंह कमार बताते है कि गांव में सड़क न होने के कारण रोजमर्रा के कार्य कठिन हो जाते थे। बच्चों को स्कूल भेजना, फसल बाजार तक पहुंचाना और मरीजों का अस्पताल जाना चुनौतीपूर्ण था। बारिश के समय हालात और भी खराब हो जाते थे। पीएम जनमन योजना की पक्की सड़क ने गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ दिया है। अब स्कूल, अस्पताल और बाजार तक पहुंचना आसान और सुरक्षित हो गया है। किसान अपनी फसल आसानी से बाजार तक ले जा सकते हैं। सड़क ने हमारे जीवन में सुधार और सुविधा लाने में अहम भूमिका निभाई है, जिससे जीवन पहले से अधिक सुगम हो गया है।

## खबर संक्षेप



### आईटीआई में हुई एनएसएस का अभिमुखीकरण कार्यशाला

**महासमुंद।** स्थानीय आईटीआई में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई द्वारा एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) की नवप्रवेशित प्रशिक्षणार्थियों के लिए अभिमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य जीएस साहू ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं के व्यक्तित्व विकास का श्रेष्ठतम माध्यम है। कार्यक्रम अधिकारी भूपेंद्र कुमार साहू ने प्रशिक्षणार्थियों को एनएसएस के प्रतीक चिह्न एवं उसकी कार्य योजना के बारे में बताया। कार्यशाला में प्रशिक्षण अधिकारी बदरुद्दीन एवं एनएसएस सहायिका प्रशिक्षण अधिकारी कमलेश्वरी ध्रुव द्वारा कैप, बैच एवं डायरी का वितरण किया गया। कार्यशाला का संचालन तोनाक्षी द्वारा किया गया। उक्त कार्यशाला में टीकम, मयंक, नम्रता, मनीषा एवं अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज जिले में

**महासमुंद।** प्रदेश के मुख्यमंत्री



विष्णुदेव साय 26 नवंबर को जिला महासमुंद अंतर्गत बसना तहसील के ग्राम सलखंड के दौरे पर रहेंगे। मुख्यमंत्री साय दोपहर 2:05 बजे ओडिशा बरगढ़ से प्रस्थान कर दोपहर 2:45 बजे बड़ेसाजापाली हेलीपेड पहुंचेगे तथा ग्राम सलखंड में मां महालक्ष्मी देवी मंदिर में दर्शन एवं पूजा कार्यक्रम में शामिल होंगे। तत्पश्चात दोपहर 3:20 बजे वे सलखंड से बड़ेसाजापाली हेलीपेड के लिए प्रस्थान करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 3:25 बजे रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### श्रीफल व शाल से मितानिनों का किया गया सम्मान



**नर्रा।** 23 नवंबर को मितानिन दिवस पर ग्राम पंचायत भवन परकोम में मितानिनों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोचन पटेल जनपद सदस्य रहे। अध्यक्षता सरपंच प्रभा पटेल ने की। कार्यक्रम की शुरूआत छग महतारी की छायाचित्र पर पूजा अर्चन कर किया गया। इसके बाद अतिथियों ने मितानिनों का सम्मान श्रीफल व शाल देकर किया गया। इस दौरान बीआरपी जानकी चतुर्वेदी, परमेश्वर पटेल, सचिव सोनसिंग निषाद, संगीता दीवान, खेमाबाई दीवान, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जाम बाई दीवान, उषा ठाकुर, मानकी पटेल, पंच गणेशी ठाकुर, रेखा मन्नाडे, मोतिम ठाकुर, रोजगार सहायक रानी पटेल, चपरासी राम नारायण दीवान, भेख लाल पटेल आदि उपस्थित रहे।

### परिक्षेत्र स्तरीय फुटबॉल पुरुष स्पर्धा में पीजी कॉलेज बना विजेता

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की फुटबॉल पुरुष टीम ने परिक्षेत्र स्तरीय फुटबॉल पुरुष प्रतियोगिता में भाग लिया। यह स्पर्धा 21 और 22 नवंबर को स्व. दौलतराम शर्मा शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कसडोल में आयोजित था। महासमुंद ने सेमीफाइनल मैच में शासकीय महाविद्यालय भटगांव को 3-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच शासकीय पीजी महाविद्यालय महासमुंद और शासकीय महाविद्यालय सरायपाली के मध्य खेला गया। जिसमें महासमुंद 3-0 से विजय रहा। टीम के खिलाड़ी आयुष ध्रुव, लिशांशु, अजय कुमार, चूड़ामणि, आयुष निर्मलकर, मोहित, महेंद्र, सुजल, यश जैन, अक्षत, वेद प्रकाश, खेमराज, कोमल वर्मा, ओंकार कोच मुकेश पेंडरिया शामिल रहे। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो करुणा दुबे, क्रीड़ा अधिकारी दिलीप लहरे, सभी अधिकारियों, कर्मचारियों ने हर्ष जताया है।

विकास कार्य : चार लाख की लागत से बनेगा सामुदायिक भवन

# दारगांव में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत दारगांव में बहुप्रतीक्षित सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का शुभारंभ हो गया है। लगभग चार लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले इस सामुदायिक भवन का भूमिपूजन रविवार को विधिवत रूप से हुआ।

कार्यक्रम में खल्लारी विधायक द्वारकाधीश यादव और बागबाहरा जनपद अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर की उपस्थिति रही, जिससे समारोह का महत्व और अधिक बढ़ गया। समारोह में छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान खल्लारी विधायक द्वारकाधीश यादव मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता



बागबाहरा जनपद पंचायत अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर ने की। विशेष अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत दारगांव की सरपंच श्रीमती उमा चंद्रहास यादव और उप सरपंच भीम सिंह ठाकुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम देवी देवताओं की पूजा अर्चना के साथ किया गया। पूजा पश्चात ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से भूमि पूजन की रस्म पूरी की।

कार्यक्रम में उपसरपंच भीम सिंह ठाकुर, पूर्व सरपं कौशल नेताम, पोखन ठाकुर, शिव साहु, चन्द्रहास यादव, सेतराम ठाकुर, सिदार सिंग ठाकुर, भानु राम ठाकुर, कुमार सिंह ठाकुर, अवध राम, बेगरहा ठाकुर, कुलजन ठाकुर,राम साईं ठाकुर, राम सिंह निषाद, संतोषी सेन, उन्तीस ठाकुर, माहेश्वरी ठाकुर, सुखमणि सेन, गणेशिया निषाद, मंटोरा बाई सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण, ग्रमीणजन, महिलाओं और युवाओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

#### सम्मान समारोह बना आकर्षण

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों के कर कमलों से मितानिन बहनों का सम्मान भी किया गया, जो समारोह का सबसे विशेष और आकर्षक हिस्सा रहा। मितानिन स्वास्थ्य विभाग की नींव का पत्थर मानी जाती हैं और ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था की पहली कड़ी होती हैं। उनके अथक परिश्रम, सेवा और समर्पण के सम्मान से कार्यक्रम में चार चांद लग गए। ग्रामीणों ने मितानिनों के सम्मान को सराहते हुए कहा कि यह समाज के प्रति उनके योगदान की सच्ची पहचान है।

#### ग्रामीणों की मांग पूरी

इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक द्वारकाधीश यादव ने कहा कि दारगांव के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग आज पूरी हो रही है। सामुदायिक भवन गांव में सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक और सार्वजनिक गतिविधियों का केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि खल्लारी क्षेत्र के हर गांव के विकास के लिए वे प्रतिबद्ध हैं और आने वाले समय में और भी जनहितकारी कार्य किए जाएंगे। उन्होंने ग्रामीणों से विकास कार्यों में सहयोग और एकता बनाए रखने की अपील की।

#### मितानिन स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनपद अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर ने कहा कि दारगांव में सामुदायिक भवन का निर्माण गांव की सामाजिक संरचना को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के सामूहिक आयोजन, बैठकों और सामाजिक कार्यक्रमों के लिए अब एक सुरक्षित और व्यवस्थित स्थल उपलब्ध होगा। मितानिन सम्मान का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि मितानिन बहनें स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं और उनका सम्मान पूरे समाज का कर्तव्य है।

# जिला स्तरीय युवा उत्सव चार से, होंगे विविध प्रतियोगिता

**लोकनृत्य, लोकगीत, एकांकी, वाद-विवाद, कहानी लेखन, चित्रकला कविता, साइंस मेला, पारंपरिक वेशभूषा, रॉक बैंड प्रतियोगिता होगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राज्य के युवाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा युवा उत्सव का आयोजन जिला एवं राज्य स्तर पर किया जाना है। प्रतिभागियों का पंजीयन माई भारत पोर्टल में किया जाना है। एक प्रतिभागी किसी भी स्तर के प्रतिस्पर्धा हेतु केवल 01 विद्या में भाग ले सकेगा। 01 प्रतिभागी एक से अधिक विधाओं में सम्मिलित नहीं हो सकते।

आयोजन का स्तर जिला स्तर पर 24 नवंबर से 05 दिसंबर 2025 के मध्य, राज्य स्तरीय युवा उत्सव 22 से 24 दिसंबर संभावित है। जिसे प्रतिभागियों के लिए आयु वर्ग 15 से 29 वर्ष तक तथा संगतकारों का 18 से 40 वर्ष तक निर्धारित है। सम्मिलित विधाओं में लोकनृत्य, पंथी नृत्य, राउत नाचा, सुआ नृत्य, करमा नृत्य, लोक गीत में 10-10 प्रतिभागी शामिल होंगे। इसी तरह वाद-विवाद, नवाचार(साइंस मेला), पारंपरिक वेशभूषा में 02-02, कहानी लेखन, चित्रकला, कविता लेखन में 01-01, एकांकी में 12, रॉक बैंड में 10 विजेता प्रतिभागी राज्य स्तर पर शामिल होंगे। जिले के प्रतिभागी/कलाकार जिनकी उम्र 15 से 29 वर्ष हो वह जिला स्तरीय युवा उत्सव में शामिल हो सकेंगे। समस्त प्रतिभागियों को माई भारत पोर्टल में पंजीयन किया जाना आवश्यक है। जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा जिला स्तरीय युवा उत्सव 4-5 दिसंबर 2025 (संभावित) को महासमुंद में आयोजित होगा। आयोजन प्रभारी कलेक्टर एवं नोड़ल अधिकारी खेल अधिकारी होंगे। अधिक जानकारी के लिए खेल अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है। भारत सरकार द्वारा निर्धारित विधाओं (लोकनृत्य, लोकगीत, चित्रकला, वाद-विवाद एवं कविता लेखन) में चयनित प्रतिभागी/दल राष्ट्रीय युवा उत्सव में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। राष्ट्रीय युवा उत्सव का आयोजन 10 से 12 जनवरी 2025 को नई दिल्ली में किया जाना है।

## अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार ने किया एसआईआर कार्य का निरीक्षण

**महासमुंद।** बसना तहसील अंतर्गत विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य सघनता से जारी है। अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी हरिशंकर पैकरा एवं तहसीलदार एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कृष्ण कुमार साहू द्वारा बसना के ग्राम पलसापाली एवं अंकोरी में एसआईआर कार्यों का निरीक्षण किया गया। फॉर्म संकलन की जानकारी लेते हुए डिजिटाइज्ड करने के लिए निर्देशित किया गया। अधिकारियों ने बीएलओ, वालंटियर एवं आम नागरिकों से चर्चा करते हुए पूरी प्रक्रिया की जानकारी ली। ज्ञात है कि बसना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 2 लाख 32 हजार 409 मतदाता है। जिसमें लगभग 99 प्रतिशत गणना पत्रक वितरित किया जा चुका है।

## खेलों से मिलती है अनुशासन की शिक्षा : निखिलकांत

### वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में शामिल हुए पालिका अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय बागबाहरा रोड स्थित चंद्रोदय पब्लिक स्कूल में वार्षिक क्रीड़ा स्पर्धा का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षण समिति के अध्यक्ष राहुल चंद्राकर ने की। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष साहू ने कहा कि खेल से न केवल शारीरिक विकास होता है, अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास भी बढ़ता है। खेल से हमे कठिनाइयों का सामना करने का साहस मिलता है। उन्होंने स्पर्धा में शामिल बच्चों का



उत्साह वर्धन कर खेल में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर चंद्रपाल चंद्राकर (उपाध्यक्ष), तारिणी चंद्राकर (संचालिका), नवीन चंद्राकर (प्रिंसिपल) एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं, रिंकू चंद्राकर, नीरज चंद्राकर पार्षद, धनेंद्र चंद्राकर पार्षद, राजू चंद्राकर सहित गणमान्य जन व विद्यार्थी उपस्थित थे।

## कुम्हार समाज ने धूमधाम से मनाया कुराल पूजा महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

ग्राम बिंद्रावन में कुम्हार समाज द्वारा 25 नवंबर मंगलवार को कुराल पूजा महोत्सव मार्ग शीर्ष शुक्ल पक्ष पंचमी को लक्ष्मी नारायण मंदिर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महोत्सव की शुरूआत कलश यात्रा निकाल कर किया गया। जिसमें समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

वहीं लक्ष्मीनारायण मंदिर में विराजित लक्ष्मी नारायण भगवान की विधिवत हवन पूजन पुरोहित पंडित नीतेश शर्मा द्वारा मंत्रोच्चारण कर किया गया। मुख्य जजमान के रूप में उत्तम राणा सुरभी राणा, हिमांशु राणा हिमानी राणा, राजेंद्र पांडे, प्रकाश पांडे रहे। इस अवसर पर समाज के महिलाएं, पुरुष व



बच्चे शामिल हुए। सभी ने भगवान विष्णु माता लक्ष्मी की पूजा अर्चन कर सुख शांति की कामना की। कुराल पूजा महोत्सव में अपने ईष्ट देव रूद्रपाल और रत्नेश्वरी लक्ष्मी नारायण की पूजा कर समाज के एकता कला और उनके पारपंरिक शिल्प चाक और मिट्टी के बर्तन बनाने की कला की सम्मान के प्रतीक है।

इस कुराल पूजा महोत्सव के पूर्व रात्रिकालीन में पंडवानी पूनम सिन्हा मडेली छुरा गरियाबन्द कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में भंडारा का आयोजन किया गया। इस दौरान कुंभकार समाज के प्रमुख समाज सर्कल सरपंच अमृत राणा, कुंभकार समाज केंदीय अध्यक्ष



बृजलाल सिंह राणा, पूर्व सरपंच लुभेश्वर पांडे, पूर्व सरपंच रेखम पांडे, केशरु पांडे, रेवाराम पांडे, डोमन लाल पांडे, टीकम पांडे, हेमचंद पांडे, तेजनारायण पांडे, प्रकाश पांडे, गेरुराम पांडे, तांबा पांडे, सालिक पांडे के अलावा समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## खट्टी में सांसद खेल महोत्सव का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सांसद खेल महोत्सव का आयोजन

- प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

ग्राम पंचायत खट्टी में 22 एवं 23 नवंबर को आयोजित किया गया। आयोजन में खट्टी, कोसरंगी, परसदा, बम्हनी, लाफिनखुर्द, मचेवा, शेर के लगभग 200 बालक-बालिका खिलाड़ी शामिल हुए। आयोजन में अतिथि के रूप में जागेश्वर जुगनू चंद्राकर सदस्य जिला पंचायत, पवन साहू अध्यक्ष मंडी खट्टी, माखन सिंहा महामंत्री, रमेश शर्मा अध्यक्ष जनभागीदारी समिति खट्टी, मिथलेश सिंह सरपंच परसदा, गीता ध्रुव सरपंच लभराकला, रमेश शर्मा अध्यक्ष जन भागीदारी समिति खट्टी, कोमल राकेश ध्रुव सरपंच धुनसुली, किशनू यादव अध्यक्ष वनउपज संघ खटटी, साजन यादव, अनीता हरेंद्र साहू, कांत शर्मा, युवराज सिंह राजपूत, महेश जोशी, ओम प्रकाश चंद्राकर, उपसरपंच ग्राम पंचायत लभरा, अनीता मोती मेहरा सरपंच खट्टी, हरेंद्र साहू मंडी अध्यक्ष शेर, पुष्पा ध्रुव जनपद सदस्य, दिनेश देवदास सरपंच कनेकरा, सुरेश सरपंच ग्राम पंचायत कोसरंगी, प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खट्टी शशि कुमार साहू, महेश जोशी उपस्थित रहे।

आयोजन को बनाने में व्यायाम शिक्षक डॉक्टर सुनील कुमार भोई, वेद राम रात्रे, वीरेंद्र साहू, डोलेश होता, कामता प्रसाद साहू, सलील चौधरी, गणेश राम कोसरे, इंद्राणी भास्कर, रीना कोठारी, राजेश्वरी ध्रुवंशी, रामेश्वरी दीवान आदि का सहयोग रहा। प्रतियोगिता के परिणाम बालक वर्ग 14 से 19 वर्ष में बालिका वर्ग 14 से 19 वर्ष कबड्डी बालिका में शेर संकुल विजेता, 14 से 19 वर्ष बालक खो खो में खट्टी संकुल विजेता, 14 से 19 वर्ष कबड्डी बालक वर्ग में खट्टी संकुल विजेता, 14 से 19 वर्ष बालक वॉलीबॉल में विजेता खट्टी संकुल, वॉलीबॉल 19 से 24 वर्ष बालक में विजेता खट्टी संकुल, 19 से 24 वर्ष कबड्डी बालक में विजेता खट्टी संकुल, 100 मीटर बालक वर्ग में विजेता तुसार साहू लफिन खुर्द, बालिका में डिगेश्वरी साहू लफिन खुर्द विजेता बनीं। ग्रामीण 19 से 24 वर्ष में वर्षा यादव लभराकला विजेता बनीं। बालक वर्ग 14 से 19 वर्ष 400 मीटर में आर्यन बघेल लाफिन खुर्द विजेता एवं बालिका वर्ग में डिगेश्वरी साहू विजेता बने। बालक गोला फेंक में शैराम पुंगरीगंबे विजेता कोसरंगी, बालिका वर्ग में मीनाक्षी निषाद विजेता लाफिनखुर्द, भाला फेंक बालक वर्ग विजेता कोसरंगी, लंबी कूद बालक वर्ग में खिलावन यादव विजेता कोसरंगी, लंबी कूद बालिका वर्ग में रोशनी दीवान बनी विजेता। आयोजन में पंचायत सचिव बेनीराम चंद्राकर,जिवराखन राम बंजारे, लेखराम चंद्राकर, ओंकार दीवान, खिलेश साहू, ज्योति भास्कर, योगिता कोसरे, राकेश जांगड़े, बंशी लाल पटेल, राजकुमार ध्रुव, राजू चंद्राकर, शिवकुमार पटेल, शिवकुमार कोसरे, मोतीलाल मेहरा, जनपद अधिकारी आईएस ठाकुर, दिव्या मिंज, छायाप्रभा चंद्राकर उपस्थित रहें।

### पेन-कापी वितरण



**महासमुंद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुम्हार पारा में प्रतिभा श्रीश्री मॉल और हंसा मेहता पूर्व व्याख्याता द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा छठवीं से आठवीं तक के समस्त छात्र-छात्राओं और समस्त स्टॉफ, बीएड के छात्राध्यापक को उपहार स्वरूप पेन और कापी का वितरण किया गया 2025 के वार्षिक परीक्षा में कक्षा सातवीं से प्रथम आने वाले प्रिया टांडी, कक्षा छठवीं में प्रथम उमंग यादव, कक्षा पांचवीं में प्रथम साकेत साहु को पेन कापी के अलावा अन्य गिफ्ट देकर प्रोत्साहित किया गया। उपहार पाकर परमेश्वर पटेल, दक्ष तिवारी, सुकांती नेताम, टिकेश्वरी मानिकपुरी, काजल यादव, वीणा ध्रुव, यामिनी यादव, पायल सेन, वासुदेव यादव, रिया, झलक प्रजापति आदि छात्र-छात्राओं के चेहरे में खुशी खिल उठे। विद्यालय के रसोइया कौशल्या प्रधान, मालती बघेल, सुधा दीवान को भी उपहार स्वरूप पेन, कापी प्रदान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठिका शिवकुमारी जायसवाल ने प्रसन्नता जाहिर किया। कार्यक्रम में शिक्षक धनेश्वरी सिन्हा का योगदान रहा। डीएड के छात्राध्यापक भावना दीवान, पुष्पलता ध्रुव, विनय नेताम, थबीर बरिहा, भूमिका, इंदेश्वरी पटेल उपस्थित रहे।

नवकिरण अकादमी से अभी तक 94 युवा चयनित

## पीएससी में इस बार नवकिरण अकादमी से 2 युवा चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पीएएससी-2024 में नवकिरण अकादमी से युवाओं ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। विभिन्न पदों पर चयनित इन होनहारों का मनोबल बढ़ाने और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना के उद्देश्य से मंगलवार को कलेक्टर विनय लंगेह ने उनसे मुलाकात कर सम्मानित किया। कलेक्टर ने युवाओं को गुलदस्ता और स्मृति चिन्ह भेंट किया और कहा कि यह उपलब्धि न सिर्फ व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि पूरे जिले के लिए गौरव का विषय है। कलेक्टर ने युवाओं के अभिभावकों का भी सम्मान किया।

कलेक्टर ने चयनित अभ्यर्थियों से उनकी तैयारी, संघर्ष और भविष्य की जिम्मेदारियों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन



प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निरंतर सकारात्मक पहल कर रहा है। इसी कड़ी में नवकिरण कोचिंग का संचालन किया जा रहा है। इससे अभी तक सैकड़ों युवाओं को लाभ मिला है तथा हजारों विद्यार्थियों को मार्गदर्शन मिल रहा है।

कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन की कोशिश है कि जिले के गांव-गांव से प्रतिभाएं निकलें। राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहराएं। पीएससी में इस साल जिले के 4 युवाओं का चयन हुआ है। इनमें नवकिरण अकादमी से साक्षात्कार में शामिल विद्यार्थी प्रमिला मांडले, ओजस्वी कुमार पटेल इसके अलावा हिमांशु देवांगन एवं प्रशांत भारते साक्षात्कार तक पहुंचे थे। जिसमें प्रमिला मांडले का राज्य वाणिज्य कर निरीक्षक के पद पर एवं ओजस्वी कुमार पटेल का राज्य सहकारी निरीक्षक के पद पर अंतिम चयन हुआ है। इसके अलावा वर्ष 2025-26 में दो अन्य बड़े प्रतियोगी परीक्षाओं में दो युवाओं को सफलता मिली है। इनमें सिमरन कौर चावला का सीए चार्टर्ड अकाउंटेंट के पद एवं भूपेंद्र कुमार पटेल का जूनियर इंजीनियर (भारतीय रेलवे, बिलासपुर जोन) के पद पर चयन हुआ है। कलेक्टर ने इन युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि यह चयन आपकी प्रतिभा, लगन और कड़ी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आपको यही तक नहीं रूकना है, बल्कि सिविल सर्विसेस परीक्षा तक भी जाना है। उन्होंने सफलता के मंत्र देते हुए कहा कि नियमित अध्ययन, समसामयिक घटना में नजर और विषय पर पकड़ आपको सफलता तक ले जाएगी। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं के अभिभावकों को भी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे, नवकिरण अकादमी के संचालक बसंत साव मौजूद थे।

